Under CSR Support by ipca Foundation
missiongyan
JINENDER SONI
Founder, MISSION GYAN

## बहुविकल्पी प्रश्न

**1. पूर्वीघाट का सर्वोच्च शिखर-**

(अ) कंचनजंगा (ब) खासी

(स) अनाईमुडी (द) महेंद्रगिरि

**2. पर्वत श्रृंखला में दो कगारों के मध्य संकरा तथा ऊँचा प्रवेश मार्ग जिसके माध्यम से श्रृंखला के आर-पार जाना सम्भव होता है, वह क्या कहलाता है?**

(अ) पर्वतीय घाटी (ब) दर्रा

(स) डेल्टा (द) जलोढ़ मैदान

**3. भू-पर्पटी की कितनी टेक्टोनिक प्लेट हैं?**

(अ) आठ (ब) सात

(स) तीन (द) चार

**4. भू-पृष्ठ की ऐसी प्लेट जो एक-दूसरे से विपरीत दिशा में गतिशील रहती है-**

(अ) अभिसरण प्लेट (ब) यूरेशियन प्लेट

(स) भारती प्लेट (द) टैक्टोनिक प्लेट

**5. अनाईमुडी पर्वत चोटी की ऊँचाई कितनी है?**

(अ) 1500 मी. (ब) 2695 मी.

(स) 1722 मी. (द) 7756 मी.

**6. निम्न में से कौनसी पहाड़ियाँ/पहाड़ी पश्चिमी घाट का भाग है?**

(अ) नीलगिरी (ब) इलायची

(स) अनाईमलाई (द) उपर्युक्त सभी

**7. दक्षिणी भारत मुख्य रूप से किस भौतिक प्रदेश का हिस्सा है?**

(अ) मैदानी प्रदेश (ब) पर्वतीय प्रदेश

(स) पठारी प्रदेश (द) मरूस्थलीय प्रदेश

**8. खादर व बाँगर किस भौतिक विभाग की विशेषताएँ हैं?**

(अ) मरूस्थल (ब) हिमालय

(स) उत्तरी मैदान (द) द्वीप समूह

मिशन ज्ञान पढ़ें: जब चाहें, जहाँ चाहें, जैसे चाहें!
100% FREE! Video COURSES | QUIZ | PDF | TEST SERIES

**9. हिमालय की सर्वोच्च पर्वत चोटी कौनसी है?**

(अ) माउण्ट एवरेस्ट (ब) कंचनजंघा
(स) मकालु (द) नंगापर्वत

**10. पुन्नामदा कयाल किस राज्य में है?**

(अ) तमिलनाडु (ब) केरल
(स) ओडिसा (द) गोवा

## रिक्त स्थान

11. ________________ को नवीन वलित पर्वत कहते हैं।

12. पुराने जलोढ़ प्रदेश को ________________ कहते हैं।

## सत्य/असत्य

13. हिमालय की सर्वोच्च श्रेणी को शिवालिक कहते हैं।

14. कश्मीर घाटी, पर्वतीय घाटी है।

## अति लघूत्तरात्मक प्रश्न

15. आज के कौन-से महाद्वीप गौंडवाना लैंड के भाग थे?

16. भारत के उन द्वीपों के नाम बताइए जो प्रवाल भित्ति के हैं।

## लघूत्तरात्मक प्रश्न

17. बांगर और खादर के मध्य अंतर स्पष्ट कीजिए।

18. हिमालय के तीन प्रमुख विभागों के नाम उत्तर से दक्षिण के क्रम में बताइए।

## निबंधात्मक प्रश्न

19. पश्चिमी घाट तथा पूर्वी घाट के मध्य अंतर स्पष्ट करें?

20. गॉर्ज और रिफ्ट घाटी में अंतर स्पष्ट कीजिए।

## HOTS

21. डेल्टा का निर्माण किस प्रकार होता है?

मिशन ज्ञान
पढ़ें जब चाहें, जहाँ चाहें, जैसे चाहें!
100% FREE!
Video COURSES | QUIZ | PDF | TEST SERIES

1. **(द) महेंद्रगिरि**
2. **(ब)** दर्रा
3. **(ब)** सात
4. **(अ)** अभिसरण प्लेट
5. **(ब)**
   यह प्रायद्वीपीय भारत की सर्वोच्च पर्वत चोटी है।
6. **(द)**
   नीलगिरी, अनाईमलाई व इलायची पहाड़ियाँ पश्चिमी घाट का भाग है।
7. **(स)** पठारी प्रदेश (प्रायद्वीपीय पठार)
8. **(स)** उत्तरी मैदानी प्रदेश
9. **(अ)** माउण्ट एवरेस्ट (ऊँचाई = 8848 मी.)
10. **(ब)**
    यहाँ प्रति वर्ष नेहरू ट्राफी वालामकाली का आयोजन होता है।
11. हिमालय
12. बांगर
13. असत्य
14. सत्य
15. दक्षिणी अमेरिका, दक्षिण अफ्रीका, प्राय-द्वीपीय भारत और आस्ट्रेलिया, गोंडवाना लैंड के भाग थे।
16. लक्षद्वीप समूह भारत के उन द्वीपों में हैं जो प्रवाल भित्ति के हैं।
17.

| बांगर | खादर |
|---|---|
| उत्तरी मैदान के पुरातन जलोढ़ को बांगर कहते है। | बाढ़ के मैदानों के नवीन जलोढ़ को खादर कहा जाता है। |
| यह मृदा नदी के बेसिन से दूर पाई जाती है। | यह मृदा नदी के बेसिन के पास पाई जाती है। |
| यह भूमि कम उपजाऊ होती है तथा खेती के लिए आदर्श नहीं है। | यह मृदा बहुत उर्वर होती है तथा कृषि के लिए आदर्श मानी जाती है। |

18. हिमालय विश्व की सर्वाधिक ऊँची एवं मजबूत बाधाओं का प्रतिनिधित्व करता है। उत्तर दिशा से दक्षिण की ओर इसे 3 मुख्य भागों में बाँटा जा सकता है–
    i. **महान या आंतरिक हिमालय अथवा हिमाद्री:** सबसे उत्तरी भाग में स्थित श्रृंखला को महान या आंतरिक हिमालय अथवा हिमाद्री कहा जाता है। यह सतत श्रृंखला है। इसमें हिमालय के सभी मुख्य शिखर स्थित हैं।
    ii. **हिमाचल या निम्न हिमालय:** हिमाद्री के दक्षिण में स्थित श्रृंखला हिमाचल या निम्न हिमालय के नाम से जानी जाती है। यह श्रृंखला मुख्यत: अत्यधिक संपीड़ित कायांतरित चट्टानों से बनी है। पीर पंजाल श्रृंखला सबसे बड़ी एवं सर्वाधिक महत्वपूर्ण श्रृंखला का निर्माण करती है। कुछ अन्य महत्वपूर्ण श्रृंखलाएँ धौलाधार और महाभारत श्रृंखलाएँ हैं।
    iii. **शिवालिक:** हिमालय की सबसे बाहरी श्रृंखला को शिवालिक कहा जाता है। यह गिरीपद श्रृंखला है तथा हिमालय के सबसे दक्षिणी भाग का प्रतिनिधित्व करती है।

मिशन ज्ञान
पढ़ें जब चाहें, जहाँ चाहें, जैसे चाहें!
100% FREE!
Video COURSES | QUIZ | PDF | TEST SERIES

**19. (I) पश्चिमी घाट:**

i. पश्चिमी घाट पश्चिमी तट के सामानांतर सतत श्रृंखला है जिसे केवल दरों से पार ही किया जाता है।

ii. पश्चिमी घाट की ऊँचाई 900 से 1600 मीटर है, पश्चिमी घाट की ऊँचाई उत्तर से दक्षिण की और बदली जाती है।

iii. अनाईमुदी इसका सबसे ऊँचा शिखर है।

iv. वर्षा वाहक आर्द्र पवनों को रोककर पश्चिमी घाट, हिमालय के पश्चिमी ढलानों के साथ, पर्वतीय वर्षा के कारण बनते है।

**(II) पूर्वी घाट:**

i. पूर्वी घाट पूर्वी तट के सामानांतर असतत श्रृंखला है जिसे बंगाल की खाड़ी में गिरने वाली नदियों ने काट दिया है।

ii. पूर्वी घाट की औसत ऊँचाई 600 मीटर है।

iii. महेंद्रगिरी इसका सबसे ऊँचा शिखर है।

iv. पूर्वी घाट में वर्षा बहुत कम होती है।

**20.**

| गॉर्ज | रिफ्ट घाटी |
|---|---|
| नदी अपरदन प्रक्रिया द्वारा पर्वतीय क्षेत्रों में बनी बहुत गहरी और संकरी घाटी को गॉर्ज कहते हैं। | दो समानांतर दरार अथवा भ्रंश पड़ने से बीच की भूमि के नीचे धँस जाने से बनी खड़े किनारों वाली घाटी को रिफ्ट घाटी कहते हैं। इसका दूसरा नाम दरार या भ्रंश घाटी है। |
| गॉर्ज बाह्य प्रक्रियाओं के फलस्वरूप बनते हैं। नदी की ऊपरी घाटी में अपरदन की क्रिया तेज होती है। नदी द्वारा बहाकर लाए गए कंकड़-पत्थरों से तली घिसकर, गहरी होती रहती है। | दरार या भ्रंश धरातल पर खिंचाव तथा क्षितिज गति के परिणामस्वरूप पड़ती है। |
| हिमालय पर्वतीय प्रदेश में सिंधु तथा ब्रह्मपुत्र नदियों ने कई गहरे गॉर्ज को जन्म दिया है। | रिफ्ट घाटी का निर्माण आंतरिक प्रक्रियाओं के परिणामस्वरूप होता है। भारत के प्रायद्वीपीय पठार की पश्चिम की ओर बहने वाली नर्मदा व ताप्ती तथा यूरोप की राइन नदी रिफ्ट घाटी से बहती हैं। |

**21.** नदी में अवसाद परिवहन की अपार क्षमता है। नदी अपने जल के साथ भारी मात्रा में कंकड़, पत्थर, बजरी, बालू, मिट्टी, गाद आदि बहाकर लाती है। नदी के बहाव की गति मंद होने से अवसादों का जमाव होने लगता है। मुहाने के निकट जिन नदियों की गति मंद होती है वे नदियाँ अपने मुहानों पर बारीक से बारीक तलछट जमा करने को बाध्य हो जाती हैं। यही जमाव नदी के मार्ग में अवरोध बनकर उसे विभिन्न शाखाओं में विभाजित कर देता है। इस प्रकार विभिन्न शाखाओं के द्वारा अवसाद का जमाव विस्तृत भू-भाग पर त्रिभुजाकार रूप ले लेता है। मुहाने पर बने त्रिभुजाकार मैदान को डेल्टा कहते हैं। डेल्टा बहुत समतल और उपजाऊ मैदान है। गंगा-ब्रह्मपुत्र का डेल्टा विश्व में सबसे बड़ा डेल्टा है।

विज्ञान
पढ़ें जब चाहें, जहाँ चाहें, जैसे चाहें
100% FREE!
Video COURSES | QUIZ | PDF | TEST SERIES